दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 167 मुरादाबाद 12 October 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


मुलायम सिंह यादव का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। बेटे अखिलेश यादव ने मुखाग्नि दी। मुलायम का अंतिम दर्शन करने तमाम दिग्गज सैफई पहुंचे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, जया बच्चन, अभिषेक बच्चन, तेलंगाना के सीएम के. चंद्रशेखर राव, राजस्थान के सीएम अशोक गहलौत और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव सीधे अंत्येष्टि स्थल पहुंचे और नमन करने के बाद पुत्र अखिलेश यादव को ढांढस बंधाया। इसके अलावा दूसरे प्रदेशों के कई मुख्यमंत्री भी मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजिल देने पहुंचे। शरद पवार, कांग्रेस के खड़गे, छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल, राजस्थान के सीएम गहलोत आदि भी पहुंचे। पूर्व रक्षामंत्री व यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का मंगलवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। इटावा के सैफई मेला ग्राउंड में बने पंडाल में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार हुआ। उनके बेटे और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें मुखाग्नि दी। धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव ने ही समाजवादी पार्टी की नींव रखी थी। लोग उन्हें प्यार और सम्मान से नेताजी बुलाते थे मुलायम सिंह यादव के अंतिम संस्कार में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई बड़े राजनेता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अपने लोक प्रिय नेता को अंतिम विदाई देने के लिए सैफई के मेला ग्राउंड में लोगों की भारी भीड़ एकत्र रही। पार्टी समर्थकों और मुलायम सिंह को चाहने वाले लोगों के चेहरे पर उनसे बिछड़ने का गम साफ महसूस किया जा सकता था।

## गुरुग्राम के मेदांता अस्पातल में हुआ था निधन

मालूम हो कि, गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में सोमवार सुबह मुलायम सिंह यादव ने अंतिम सांस ली थी। उनकी मौत की सूचना मिलते ही अस्पताल में समर्थकों और परिजन की भारी भीड़ जुट गई ती। गुरुग्राम से रोड मार्ग के जरिए मुलायम सिंह यादव की पार्थिव देह को इटावा के सैफई लाया गया। इस दौरान सैकड़ों गाड़ियों का काफिला मुलायम सिंह की पार्थिव देह ले जा रही एंबुलेंस के साथ चलता रहा। सैफई के मेला ग्राउंड में उनके पार्थिव देह को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया




था।

## पीएम नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ की ओर से पुष्पांजलि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भले ही आज सैफई में मुलायम सिंह यादव के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सके, लेकिन उनकी तरफ से नेताजी की पार्थिव देह पर पुष्पचक्र समर्पित किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैफई के मेला ग्राउंड में मुलायम सिंह यादव की पार्थिव देह का अंतिम दर्शन किया। उनकी तरफ से पुष्पचक्र भी समर्पित किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ की तरफ से भी सेना के जवानों ने पूर्व रक्षा मंत्री की पार्थिव देह पर पुष्पचक्र चढ़ाया।

## केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ने किया अंतिम दर्शन, अखिलेश को बंधाया ढांढस

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ ही कैबिनेट मंत्री डा. संजय निषाद ने सैफई मेला मैदान में बने अंत्येष्टि स्थल पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की पार्थिव देह का अंतिम दर्शन किया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सदस्य संजय सिंह भी उनके साथ थे। नेताजी का अंतिम दर्शन करने के बाद केशव प्रसाद मौर्य तथा ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से भी भेंट की। इस दौरान दोनों डिप्टी सीएम ने अखिलेश यादव को ढांढस भी बंधाया।

## एन.चंद्रबाबू नायडू ने किया अंतिम दर्शन

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तेलुगु देशम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू मंगलवार को दोपहर में इटावा के सैफई पहुंचे। उन्होंने पंडाल में जाकर समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव का अंतिम दर्शन किया। इस दौरान वह काफी भावुक हो गए। लोकसभा में मुलायम सिंह यादव के संबोधन से नायडू काफी प्रभावित रहते थे। सैफई में आज मुलायम सिंह यादव के अंतिम संस्कार से पहले उनके दर्शन के लिए लोग को उमड़ रहे हैं। परिवार के सभी लोगों ने नम आंखों से नेताजी को विदाई दी। मेला ग्राउंड में उनके दर्शन के लिए दिग्गजों और समर्थकों का जमावड़ा है। सैफई में आज दोपहर तीन बजे नेताजी के अंतिम संस्कार को लेकर सैफई में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

## गगनभेदी नारों के बीच मुलायम की पार्थिव देह लाई गई पंडाल

पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पार्थिव देह को उनके आवास से रथ पर सैफई महोत्सव पंडाल ले जाया गया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर लोगों ने %जब तक सूरज चांद रहेगा नेताजी का नाम रहेगा% के नारे लगाए। भारी भीड़ के बीच गगनभेदी नारों के बीच रथ यात्रा सैफई पंडाल पहुंची। यहां पर महोत्सव मंच पर उनके पार्थिव शरीर को रखा गया। रथ पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव, शिवपाल यादव, पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव भी साथ में थे। मेला ग्राउंड के पास ही मुलायम सिंह यादव उनकी समाधि का भी निर्माण होगा। अंतिम संस्कार के दौरान देश के कई दिग्गजों के आने के कारण सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं।

## अखिलेश और डिंपल यादव ने पिलाया गंगा जल

इटावा के सैफई में मुलायम सिंह यादव की कोठी में उनके अंतिम संस्कार की तैयारी के प्रारंभ में नेताजी के बड़े पुत्र अखिलेश यादव ने उनके मुंह में गंगा जल डाला। नेताजी के अंतिम यात्रा पर निकलने से पहले अखिलेश यादव ने उनको अपने हाथ से गंगा जल पिलाया। उनके साथ उनकी पत्नी पूर्व सांसद डिंपल यादव ने भी नेताजी के मुंह में गंगा जल डाला।

## काफी भावुक हो गए ओम प्रकाश राजभर व इंद्रजीत सरोज

मुलायम सिंह यादव के अंतिम दर्शन के लिए इटावा के सैफई पहुंचे सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर काफी भावुक हो गए। उन्होंने नेताजी को अपना संरक्षक भी बताया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज ने भी नेताजी को सच्चा समाजवादी बताया।

# राजकोट में पीएम मोदी बोले, जो लोग 'सरदार पटेल' की नहीं करते इज्जत; उनके लिए गुजरात में नहीं होनी चाहिए कोई जगह




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को राजकोट जिले के जामकंडोरणा में एक जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी को सुनने के लिए यहां हजारों की संख्या में भीड़ जुटी। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने गुजरात के हित के खिलाफ काम किया और 20 साल तक मुझे परेशान किया, उन्होंने अदालतों में जाकर गुजरात को बदनाम किया है। कांग्रेस नेताओं से पूछें कि क्या उन्होंने स्टैचू ऑफ यूनिटी का दौरा किया है, जो लोग धरतीपुत्र सरदार पटेल की इज्जत नहीं करते हैं। उनके लिए गुजरात में कोई जगह नहीं होनी चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि भारत सरकार भ्रष्टाचार को खत्म कर रही है, तो कुछ लोग सरकार को बदनाम करते हैं। उन्होंने कहा कि एक वक्त था जब यह पता करना पड़ता था कि अहमदाबाद में कर्फ्यू तो नहीं है।

## सिक्स लेन हाईवे और रैपिड ट्रांसपोर्ट गुजरात की पहचान

यहां के विकास के बार में पीएम मोदी ने कहा कि फोर लेन, सिक्स लेन हाईवे और रैपिड ट्रांसपोर्ट ये सब गुजरात की पहचान बन गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले मेडिकल में दाखिला उन्हीं को मिलता था जो अंग्रेजी जानते थे। अब हमने गुजराती में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई की अनुमति दी है। इससे गांव के छात्रों को मौका मिलेगा।

## राजकोट बन गया है एजुकेशन का हब

जनसभा में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 20 साल पहले गुजरात में केवल 26 इंजीनियरिंग कॉलेज थे, लेकिन आज हमारे पास 130 कॉलेज हैं। राजकोट एजुकेशन हब बन गया है। आज दूसरे राज्य के बच्चे गुजरात के शिक्षण संस्थानों में प्रवेश चाहते हैं। साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि यहां पर्यटन क्षेत्र का विकास हुआ है और दुनियाभर से लोग गुजरात आ रहे हैं।

## जामकंडोरणा का दौरा करने वाले पहले प्रधानमंत्री

राजकोट में पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने लोगों की आकांक्षाओं को एक आदेश के रूप में लिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैंने अखबार में पढ़ा कि जामकंडोरणा का दौरा करने वाला मैं पहला प्रधानमंत्री हूं, लेकिन मुझे अक्सर वह काम करना पड़ता है जो पहले किसी ने नहीं किया था।

# बेटी बोझ नहीं सम्मान है बेटी गीता और कुरान है,घर की प्यारी सी मुस्कान है बेटी मां बाप की जान है

## बेटियां है तो कल है-इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

चन्दौली।।आज देश अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस मना रहा है,महिलाओं को सशक्त करने के उद्देश्य से इस दिन को मनाया जाता है।यह बहुत ही सौभाग्य की बात है।क्योंकि कुछ समय पहले लड़कियों को बोझ समझा जाता था।लेकिन आज समय कुछ बदल गया है आज लोग बेटियों को भी उतना ही मान दिया जाता हैं जितना वह अपने बेटों को देते हैं। हर क्षेत्र में बेटियां अपना हुनर दिखा रही है।चाहे



खेलकूद हो या शिक्षा क्षेत्र हो वह बड़ी से बड़ी नौकरी हासिल करती है।आज बेटियां चांद तक पहुंच गई है हर कार्य कर सकती है।इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी ये ऐसा नाम है जिन्होंने अपने काबिलियत से समाज मे अपनी अलग पहचान बना रखी है।इनका नाम सुनकर ही अपराधी खौफ खाते है। इस बेटी ने अपने साथ पूरे परिवार की किस्मत बदल दी है। इन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि अगर उन्हें खुला आसमान दिया जाए तो वह ऊंची उड़ान भर सकती है।1 बेटियां ही होती है जिसके दिल में सबके लिए प्यार होता है।चाहे वह मायका हो या ससुराल।दोनों घरों को बांध कर रखती है।बेटों से ज्यादा बेटियां अपने माता पिता और परिवार की परवाह करती है।

## डीएस के प्राचार्य का निलंबन डॉ मुकेश को मिला कार्यभार

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- डीएस कॉलेज में प्रबंध समिति ने आयोग से चयनित होकर आए डॉ आरके वर्मा को निलंबित कर दिया उनके स्थान पर पूर्व चीफ प्राक्टर डॉ मुकेश भारद्वाज को प्राचार्य पद सौंपा है प्रबंध समिति सचिव राजीव अग्रवाल %अनु% ने कॉलेज के कांफ्रेंस हॉल में निलंबन की कार्यवाही कर डॉ मुकेश को कार्यभार ग्रहण कराया डॉ मुकेश ने कहा कि प्रबंध समिति ने जिस भरोसे के साथ उनको दायित्व सौंपा है, उस पर वह खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे कॉलेज स्टाफ ने उनको फूल माला पहनाकर सम्मानित किया राजीव अग्रवाल ने बताया कि प्राचार्य पद का दुरुपयोग, असंतोषजनक शैली,अनियमितता करने, बिना प्रवेश दिए छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में शामिल कराने,प्रबंधन के आदेशों की अवहेलना करने समेत कई आरोपों में आरके वर्मा प्रथमदृष्ट्या दोषी सिद्ध हुए हैं इसलिए निलंबित किया गया है 3 सदस्य जांच टीम भी गठित कर दी गई हैं आरके वर्मा को निलंबन काल में उनके अलीगढ़ स्थित निवास पर रहने की अनुमति दी गई है लेकिन बिना जांच समिति की अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे जांच समिति के बुलाने पर उपस्थित होंगे महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति के समक्ष जाएंगे इसके बाद अगला कदम उठाएंगे प्रवेश में गड़बड़ी व प्रबंध समिति के आदेशों की अवहेलना के आरोप- प्राचार्य ने आरोपों को बताया गलत कहा कुलपति के समक्ष रखेंगे पक्ष - असहमति की रही स्थिति- आरके वर्मा के प्राचार्य पद पर तैनात होने के कुछ दिन बाद से ही उनके व प्रबंध समिति के बीच कुछ कार्यों को लेकर असहमति जैसी स्थिति रही आरके वर्मा ने कुलपति से प्रबंध समिति की शिकायत कर वित्तीय आहरण पर रोक लगवाई थी प्रबंध समिति ने उनको निलंबित कर दिया है

## इंस्पेक्टर मनोज का हनक 2 अभियुक्त गिरफ्तार,हत्या के प्रयास में थे वांछित



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

चन्दौली- पुलिस अधीक्षक सन्तोष कुमार मिश्र के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन जनपद मीरजापुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 99/22 धारा 307/323/147 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया। इस संदर्भ में इंस्पेक्टर मनोज ने बताया कि थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 99/22 धारा 307/323/147 भादवि से सम्बन्धित 02 नफर वांछित अभियुक्तो 1- मिठाई लाल पुत्र झगडू राम नि0 जयपट्टीकला थाना जमालपुर,मीरजापुर 2- राकेश कुमार पुत्र मिठाई लाल नि0 जयपट्टीकला थाना जमालपुर,मीरजापुर को आज सुबह मुखबिर के सूचना पर उनके घर से ग्राम जयपट्टी कला से गिरफ्तार को गिरफ्तार मा0 न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार मीरजापुर भेजा गया है।

## चार महीने पहले प्रेमी के साथ गई किशोरी मुजफ्फरनगर से बरामद

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- थाना क्षेत्र के एक गांव से साडे चार माह पूर्व प्रेमी संग कई किशोरी को पुलिस ने मुजफ्फरनगर से बरामद कर लिया इस मामले में पुलिस बीते माह गांव शाहपुर के युवक को जेल भेज चुकी है थाना हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी मां की मौत के बाद हरदुआगंज में साधु-आश्रम के निकटवर्ती गांव में मामा के पास रह रही थी,जहां से 15 जून को लापता हो गई थी इस मामले में उसके मामा ने गांव शाहपुर के अतुल कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था पुलिस सूत्रों के मुताबिक किशोरी को जिला मुजफ्फरनगर के मोहल्ला बढ़ियान बैंड मार्केट कोतवाली शामली निवासी अंकित पुत्र अनिल ले गया था,जहां से उसे बरामद कर लिया वही इसी मामले में जेल भेजे गए अतुल के स्वजन बेटे को निर्दोष जेल भेजने का आरोप लगा रहे हैं एसएचओ बृजपाल सिंह ने बताया कि किशोरी शामली के अंकित पुत्र अनिल के साथ रह रही थी किशोरी व आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है

# मुलायम को श्रद्धांजलि देने के लिए गुड्डू खां के आवास पर लगा सपा कार्यकर्ताओं का तांता



राजेश यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- आंवला/सिरौली- समाजवादी पार्टी के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन का सोमवार को समाचार मिलते ही उनके लाखों प्रशंसक, समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता शोक में डूबे हुए हैं वहीं सिरौली चैयरमेन प्रत्याशी शाहिद खान उर्फ गुड्डू के आवास पर सपाइयों की भारी भीड़ धरती पुत्र को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंची
जहां पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प व माल्यार्पण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए चेयरमैन प्रत्याशी गुड्डू खां ने कहा कि नेता जी का यूं छोड़ कर जाने से समाजवादी पार्टी के लिए ठीक नहीं है श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले में चैयरमेन प्रत्याशी शाहिद खान उर्फ गुड्डू, नगर अध्यक्ष शफीक अंसारी, युवा नेता सद्दाम अब्बासी, शब्बीर हफीज जी, डाक्टर शेखू, अकील खान, फरयाद मेम्बर, फरीद अंसारी, शाका, नौशाद सलमानी, अमीर सैफी, अहकम ख़ान, राम्मू खां, शावेज ख़ान, समद, रेहन समेत समस्त समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे

# खुदा हुआ साबित गड्ढा हो सकता है जानलेवा



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- आदर्श नगर पंचायत खुटार के मोहल्ला गांधी नगर में सड़क पर खोदा गया गड्ढा जानलेवा साबित हो रहा है, पानी भरे गहरे गड्ढे मे गिरने से कई राहगीर और गौवंशीय घायल हो चुके है , नही समझा जा रहा गड्ढे को बंद करने की जरूरत, नगर के मोहल्ला गांधीनगर में रहने वाले पप्पू गुप्ता के मकान के पास पानी की पाइप लाइन डालने के लिए 5 से 06 दिन पहले खोदा गया गड्ढा जानलेवा साबित हो सकता है, जिसमें लगातार हुई तेज बारिश की वजह से पानी भरा हुआ है ,और उस पानी भरे गड्ढे में गिर कर कई राहगीर और गौवंशीय पशु घायल हो चुके है लेकिन अभी तक ठेकेदार ने इस गड्ढे को बंद कराने की जरूरत नही समझी है,

जबकि काफी गहरा गड्ढा होने और उसमें पानी भरा होने की वजह से आवागमन भी प्रभावित हो रहा है, नागरिकों ने नगर पंचायत प्रशासन और जिला प्रशासन से पानी भरे गड्ढे को तत्काल बंद कराए जाने तथा ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# बीडीओ बन गुलफ्शा ने पंचायत भवन का किया उद्घाटन





मुरादाबाद-अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मंगलवार को ब्लाक कुंदरकी के ग्राम सब्जीपुर में सोसाइटी फॉर ऑल राउंड डेवलपमेंट ( सार्ड ) संस्था की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश खण्ड विकास अधिकारी ब्लॉक कुंदरकी ने अपना कार्यभार सांकेतिक रूप से सब्जीपुर की किशोरी गुलफ्शा को दिया। वहीं सहायक खण्ड अधिकारी( पंचायत ) व ग्राम विकास अधिकारी सब्जीपुर का सांकेतिक पद भार रहनुमा व शिवानी को सौंपा। खण्ड विकास अधिकारी सूर्य प्रकाश ने अंतराष्ट्रीय दिवस पर सार्ड की ओर से ऐसे कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप राठी व ग्राम प्रधान अनीसा, पूर्व प्रधान शाने आलम,पंचायत सहायक, रोजगार सेवक आदि मौजूद रहे। इस दौरान गुलफ्शा ने आमजन से वार्ता की और उनकी समस्याओं का समाधान किया, जिसे बीडीओ ने ग्राम रजिस्टर में दर्ज करने का आदेश दिए। सार्ड संस्था से समन्वयक लौतिका जेकब,श्रद्धा शर्मा व रोहित उपस्थित रहे, इसके अतिरिक्त गीता सिंह, एनुल, हेजल,अंजू,अल्मीजा, रुकसार,अज़हर व मुरारी लाल उपस्थित रहे।

# भोलानाथ कालोनी में पानी निकालने के लिए लगाए गए दो पंप



मुरादाबाद। भोलानाथ कालोनी में रहने वाले लोगों के लिए राहत की खबर है। मंगलवार को नगर निगम द्वारा पानी निकालने के लिए दो पंपों को लगाया गया।

पंपों द्वारा लगातार पानी निकालने का काम किया जा रहा है। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। कालोनी में रहने वाले करीब 35 परिवार पानी भरने के लिए घरों में कैद होने के लिए मजबूर हो गए हैं। आपके प्रिय अखबार ने लोगों की समस्याओं को प्रकाशित किया। इसके बाद ही नगर आयुक्त संजय चौहान के निर्देश पर दो पंपों के जरिए पानी निकालने की व्यवस्था की गई। मंगलवार को पानी कम होने से लोगों ने राहत की सांस ली। उनका कहना था कि नाले की दीवार बनवाने के साथ ही अतिक्रमण हटाने के बाद ही जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान हो सकेगा। कालोनी के लोगों ने इस संदर्भ में क्षेत्रीय पार्षद पुत्र ओमप्रकाश सैनी से भी शिकायत की है।

# करवा चौथ कल: बन रहे कई शुभ संयोग, शुभ मुहूर्त में करें पूजन



मुरादाबाद- करवा चौथ कल 13 अक्टूबर को है। महिलाएं इस दिन निर्जल व्रत रखकर सुखमय दाम्पत्य जीवन और पति की दीर्घायु की कामना करती हैं। इस बार करवा चौथ पर कई दुर्लभ संयोग बन रहे हैं। सुबह से ही कृतिक नक्षत्र रहेगा और इसके बाद रोहिणी नक्षत्र शुरू हो जाएगा। यह दोनों की बहुत शुभ माने जाते हैं। इनके साथ सिद्धि योग और प्रबल बनाएगा। इसी दिन चंद्रमा अपनी उच्च राशि वृष में विराजमान रहेंगे तो अत्यधिक शुभता प्रदान करेंगे। हरि ज्योतिष संस्थान माता मंदिर के पास लाइन पार के ज्योतिर्विद पंडित सुरेंद्र शर्मा ने बताया करवा चौथ यानि 13 अक्टूबर को सुर्योदय से लेकर शाम 6 बजकर 41 मिनट तक कृतिका नक्षत्र रहेगा। इसके बाद रोहिणी नक्षत्र शुरू हो जाएगा। इसी दिन सिद्धि योग भी बन रहा है और चंद्रमा भी अपनी उच्च राशि वृष में रहेंगे। यह पूजा के लिए अत्यंत शुभ योग बना रहे हैं। उन्होंने बताया पूजा का समय शाम 6 बजकर 01 मिनट से 07 बजकर 15 मिनट तक रहेगा। कैसे करें पूजा- भगवान शिव, माता पार्वती, कार्तिकेय और गणेश जी की रोली, चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य एवं श्रृंगार के सामान से पूजा करें। करवा चौथ व्रत की कथा करें या सुनें। चंद्र देव के उदय होने पर उनके दर्शन करें और छलनी में पति को देखें। चंद्रमा को अर्ध्य देने के बाद पति को तिलक लगाएं, उन्हें प्रसाद खिलाएं और उनके हाथ से व्रत का परायण करें। करवा चौथ का आरंभ- 13 अक्टूबर की रात 1 बजकर 59 मिनट पर।- यह 14 अक्टूबर को रात 3 बजकर 08 मिनट तक रहेगी।- पूजा का मुहूर्त- शाम 6 बजकर 17 मिनट से 7 बजकर 31 मिनट तक- अवधि 1 घंटा 13 मिनट-करवा चौथ का व्रत सुबह 6 बजकर 32 मिनट से रात 8 बजकर 48 मिनट तक- करवा चौथ को चंद्रोदय - रात 8 बजकर 48 मिनट पर

# मूंढापांडे में उफनाई कोसी, दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में



मुरादाबाद- मूंढापांडे थाना क्षेत्र में कोसी नदी अचानक उफना गई। इससे थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में आ गए। ग्राम पंचायत गदई खेड़ा का पानी के चलते संपर्क मार्ग टूट गया। खेतों में पानी भरने से धान की फसल खराब हो गई। खेतों में फसल की दुर्दशा देखकर किसानों की आंखों में आंसू आ गए। पानी के चलते दर्जनों गांव के लोग घरों में कैद होने के लिए मजबूर हो गए। जरूरतमंद लोग मजबूरी में आधा फिट पानी से होते हुए काम पर गए। गांव के लोगों में प्रशासन के खिलाफ आक्रोश है। उनका कहना था कि प्रशासन को कोसी नदी में पानी आने की जानकारी दी।

इसके बाद भी प्रशासनिक अधिकारियों ने बाढ़ संभावित गांवों में एनाउंसमेंट नहीं करवाया। फसल की दुर्दशा देखकर रनियाठेर गांव निवासी वीरपाल की आंखों में आंसू आ गए। बोले, पूरी फसल बर्बाद हो गई। पानी ने उसे बर्बाद कर दिया। बाढ़ की चपेट में सहरिया, बिसाहट, मिलक रनियाठेर गदई खेड़ा, हरपाल नगर, हीरापुर गांव हैं। यहां रहने वाले लोगों में प्रशासन के खिलाफ आक्रोश है।

# स्वस्थ बालक-बालिका प्रतियोगिता में बच्चों को किया सम्मानित

मुरादाबाद- मुरादाबाद के बिलारी में बाल विकास परियोजना बिलारी के आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित प्रतियोगिता में मंगलवार को स्वस्थ बालक-बालिका चिह्नित किये गए। इसके बाद स्वस्थ बच्चों को बीडीओ भवानी प्रसाद शुक्ल व चिकित्सा अधीक्षक डा. हरीश चंद्रा ने पुरस्कृत किया। भाजपा प्रदेश कार्य समिति की महिला मोर्चा की सदस्य डॉ. गीता शर्मा भी सहसपुर के आंगनबाडी केंद्र में प्रतियोगिता का हिस्सा बनी। आंगनबाड़ी केंद्र सहसपुर में आयोजित प्रतियोगिता में छह माह से पांच वर्ष तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी सुरेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर उनमें सशक्त प्रतिस्पर्धा थी, लेकिन मानकों को ध्यान में रखते हुए बच्चे चयनित किए गए। चिकित्सा अधीक्षक हरीश चंद्रा ने बताया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर ग्रोथ मॉनीटरिंग डिवाइस, ग्रोथ चार्ट और कम्यूनिटी ग्रोथ चार्ट के जरिये बच्चों का स्वास्थ्य जांचा गया। पोषण ट्रैक एप पर सारी जानकारी अपलोड की गई है। प्रतियोगिता में मासिक वृद्धि निगरानी के पांच, व्यक्तिगत स्वच्छता के 10, सामान्य श्रेणी में बने रहने या फिर सैम से मैम और मैम से सामान्य श्रेणी में आने पर 10 अंक, छह माह तक केवल स्तनपान, दो वर्ष तक स्तनपान और अनुपूरक पुष्टाहार का नियमित सेवन और पांच वर्ष तक प्राप्त होने वाले अनुपूरक पुष्टाहार का नियमित सेवन करने पर 10 अंक, समय से टीकाकरण के 10 अंक और समय पर कीड़े निकालने की दवा खाने के 05 अंक दिए गए है। इस अवसर पर मुख्यसेविका नीलम यादव, ब्लॉक कॉर्डिनेटर यूपीटीएसयू कल्पना सिंह, आंगनबाडी कार्यकत्री रज्जो देवी, समता चौहान, मधुकुमारी, अलका व सहायिका उपस्तिथ रहीं।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

संपादकीय Editorial

# Attack on kiev

The escalation of war between Ukraine and Russia is worrying and sad for the whole world. It is reported that Russia has tried to overtake Ukraine by firing about 75 missiles. Russia has directly targeted the capital Kyiv. Russia has blamed Kyiv for the recent explosion on the bridge connecting Crimea with Russia and has avenged it by firing the Danadan missile. The pictures coming from Kyiv are captivating. The whole city of Kyiv has been devastated by the demolished buildings and arson at various places. Apart from Kyiv, missiles have also been rained on other cities of Ukraine. People have been told not to leave the house. The Russian attack is expected to become more dangerous in the coming days. If Russian attacks have targeted Ukraine's basic energy infrastructure, the motive is easily understandable. It also needs to be noted that Russia had earlier attacked Kyiv on 26 June. If there had not been an explosion on the bridge connecting Crimea and Russia, Russian missiles might not have reached Kyiv.

After this attack, the debate will also intensify that why war attacks are being carried out by Ukraine? If the intention is to stop the war, then Ukraine should exercise more restraint, then only the world will be able to advise Russia to stop the war. Many countries have given advice to Russia to stop the war and the Indian Prime Minister also advised the Russian President to stop the war and said that this is not the time for war. Notably, the Ukrainian military or the President has not claimed responsibility for the blast on the Russian bridge, indicating that there is a third party between Ukraine and Russia that wants to incite war. One should beware of such anti-world elements. Russia has termed the blast on the bridge as a terrorist act and we know very well that Russia has zero tolerance for terrorism. If the explosion on the bridge was celebrated in Ukraine, then it is a matter of seriousness and an embarrassment to Moscow.

We should also note that there have been demonstrations by the Russian people against the war and a large number of people are in prisons there. Have people in Ukraine also demonstrated against the war? The admonition to walk together is just as valid for Russia as it is for Ukraine. Ukraine is bleeding today only because of the delusion of Western powers, it has been said by the President of Ukraine Volodymyr Zelensky himself. If Zelensky is not in favor of attacking Russia by entering, then he should make it clear. Concern for the safety of the people of Ukraine is Zelensky's first task. Strategists sitting in the countries of the West or in America can give advice only considering their own interest. If instead of calling for an end to the war, Western countries continue to engage in the undertaking of targeting Russia as a target of criticism, then the war is likely to take a formidable form at some point. There is a huge difference between giving Ukraine arms and money to defend itself and giving arms and money to attack Russia. Ukraine should first realize the extent to which Russia can go, because it is the only one directly facing the attack.

# Sacred Games fame Elnaaz Norouzi stripped in protest against Hijab, posted video

The fire that broke out in Iran regarding the hijab has now spread all over the world. Protests are taking place from place to place regarding the Hijab movement. Till now many celebrities have also supported this movement. Recently, actresses Priyanka Chopra and Mandana Karimi reacted on the issue of hijab. Now actress Elnaaz Norouji has also jumped into this controversy. Elnaaz is best known for working in Netflix's hit series Sacred Games. Elnaaz in support of the Hijab movement - Supporting the Hijab movement, actress Elnaaz Norouji has shared a video of her, in which she is seen taking off her clothes. In the beginning of the video, Elnaaz is seen wearing a burqa. Then she takes off her clothes. Under the burqa, Elnaaz was dressed in a variety of clothes, ranging from jeans, dresses, salwar kameez to skirts. At the end of the video, Elnaaz is seen in a two piece bikini. The purpose of this video of Elnaaz is to give a message that wearing clothes is one's personal choice, which cannot be questioned. Talking about freedom of expression, not nudity - Sharing the video, Elnaaz has also written a strong caption, in which she said - Everywhere in the world, every woman should have the right to what she wears when and where. Another person has absolutely no right to tell him what not to wear. Everyone has their own point of view, which should be respected. Democracy means the power to choose. Every woman should have the right to wear her body. In the end, Elnaaz also clarified that she has not posted this video to promote nudity, but I am talking about freedom of expression.




## After the cricket field, now Shikhar Dhawan will be seen on screen, will debut with Sonakshi Sinha

Bollywood actress Sonakshi Sinha and Huma Qureshi's upcoming film 'Double XL' is in the news. Recently, the funny teaser of the film was released, which was well received by the audience. At the same time, new posters of the film are being released one after the other. Meanwhile, a motion post of Huma Qureshi also surfaced, in which Huma was seen with the stadium and the mic. At the same time, now a big disclosure has been made about the film. According to the news, cricketer Shikhar Dhawan is going to make his debut with this film. Cricketer Shikhar Dhawan will be seen in the film - Cricketer Shikhar Dhawan is going to be seen in this film showing the story of plus size women and their dreams. It is being told that he will have a special appearance in the film. According to the report of Pinkvilla, Shikhar Dhawan has also said some things about his appearance in this film. He said, 'As an athlete, I have been playing for the country. Life is always very busy. My favorite time pass is watching good entertaining movies and when I got this offer and I heard the story of the film, it left a deep impression on me. I hope a lot of young boys and girls take the flight of their dreams, whatever their dreams may be. Meanwhile, on social media Huma has also posted pictures with Shikhar, in which both are seen holding each other's hands. In the second photo, both are seen laughing.



# जब मुलायम सिहं यादव ने एटा के पत्रकारों की शिकायत पर किया था डी.एम. के.रवीन्द्र नायक का ट्रांसफर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा -धरती पुत्र मुलायम सिहं यादव भले ही आज अपने गांव सैफई पचंतत्व में विलीन हो गऐ परन्तु उन्होने जो कार्य जनता जनार्दन एवं देश के लोककल्याण के लिऐ किऐ वह आज भी अजर अमर रहकर बारम्बार नेताजी के नाम को गुंजायमान कर रहे हैं ! नेताजी एटा जिले को अपना दूसरा घर ही नहीं मानते थे बल्कि यहां की प्रिंट मीडिया से उनके घनिष्ट रिश्ते रहे ! नेताजी के मुख्यमंत्री रहने के दौरान एटा जिले के कलक्टर के.रवीन्द्र नायक द्वारा अपने खिलाफ कुछ खबरें प्रकाशित होने पर बौखलाहट के चलते बदसलूकियां ही नहीं की गयी बल्कि समाचार पत्र के मालिक व संपादक को मानहानि के नोटिस देकर तगं करने की कोशिश की गयी तो एटा के वरिष्ठ पत्रकारगंणों में अब दैनिक दीक्षित टाइम्स के ब्यूरो चीफ राकेश कश्यप , शान समाचार के संपादक महेश चन्द सोलंकी, विशनपाल सिहं चौहान , राजेश दीक्षित , मदन गोपाल शर्मा ,जयप्रकाश वर्मा व प्रमोद लोधी एकत्रित होकर एक वाहन में सवार होकर सीधे 卐 सैफई महोत्सव 卐 में डी.एम. की शिकायत मुख्यमंत्री मुलायम सिहं यादव से करने पहुंच गऐ ! जहां उस दिन भारत के महामहिम राष्ट्रपति अब्दुल कलाम साहब को भी आना था ! परन्तु जब पता चला कि मुख्यमंत्री जी पहले तिकारा बाचा में एक बैकं स्थापित होने के लिऐ उसके स्थायी निर्माण हेतु भूमि पूजन के लिऐ पहुंच रहे हैं , तो एटा के मीडिया बंधुओ की जीप ने सीधे तिकारा बाचा के लिऐ रूख कर लिया तथा नेताजी के आने से पूर्व ही वहां पहुंच लिऐ , जैसे ही नेताजी वहां आकर एसपीजी सुरक्षा कमाण्डो से घिरे कार्यक्रम स्थल की ओर चलने लगे तो एटा के मीडिया बंधुओ ने अपने कैमरे अंटी से निकालकर उनके कार्यक्रम का कवरेज करना शुरू कर दिया ! नेताजी मीडिया बंधुंओ से चलते हुऐ अचानक दो तीन पत्रकारो का नाम लेकर बोले कि अरे एटा के पत्रकारो यहां तक कैसे ! तो उन्हे राकेश कश्यप व अन्य साथियों ने जब बताया कि एटा का डी.एम. अपने खिलाफ खबर छपने से हम लोगों को परेशान कर रहा है तो उन्होने कहा कि पहले मेरे साथ भोजन करो तथा अपने पी.एस. से कहा कि मीडिया बंधुओ से लिखित शिकायत ले लो तथा लखनऊ पहुंचकर मेरे सामने रखना ! नेताजी के साथ साथ खाना खाते हुऐ एटा के मीडिया बंधुओ को जहां गर्व महसूस हुआ वही नेताजी द्वारा कार्यवाही किऐ जाने के आश्वासन के बाद मीडिया के सभी साथी वापिस एटा लौट आऐ !! एक सप्ताह बाद डी.एम. के रवीन्द्र नायक को एटा से रूखसत होना पडा ! एटा के मीडिया बंधुओ की बांछे खिल उठी !! आज नेताजी हमारे बीच नहीं है , हमारी सबकी ओर से उन्हें 卐 भावुक श्रद्धांजलि 卐 परन्तु एटा की मीडिया में एटा की मीडिया के सम्मान व स्वाभिमान के लिऐ नेताजी ने बतौर मुख्यमंत्री जो फैसला दिया उसे सदियों तक याद किया जाता रहेगा !! नेताजी को एटा की मीडिया की ओर से शत शत नमन

# जिला अलीगढ़ की नगर निगम एवं नगर पंचायत की एवं पार्षद की सीट भाजपा पूर्ण बहुमत से जीतेगी ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ-भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि भाजपा अलीगढ़ में ही नहीं बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में नगर निगम का चुनाव पूर्ण बहुमत से जीतेगी उत्तर प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार ने जनता को बहुत सारी योजनाएं दी हैं उस योजनाओं का लाभ पूरी देश के किसानों को एवं जनता को मिल रहा है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि नगर निगम के चुनावों को भाजपा पूर्ण बहुमत से जीतेगी इस चुनाव में भाजपा की जमीन बहुत मजबूत है महानगर की जनता जानती है तो विकास कार्य भयमुक्त समाज केवल भाजपा ही दे सकती है माननीय मोदी जी प्रधानमंत्री माननीय योगी जी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की लोकप्रियता से यह चुनाव जीता जाएगा भाजपा किसान मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस चुनाव को जीतने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि पूरे जिले भर में नगर पंचायत का चुनाव भी भाजपा जीतेगी पूर्ण बहुमत से जीतेगी किसानों ने नगर पंचायत क्षेत्र में रहने वाली जनता ने भाजपा को पूर्ण बहुमत से विजई बनाने का मन बना लिया है

# लगातार बारिस से पुलिया टूटी ,आवागमन बन्द

मोतीगंज,गोण्ड- लगातार कई दिनों से हो रही बारिस से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है क्षेत्र में सुबह से ही झमाझम का कहर बना रहा जिससे सडकों पर पानी बहने लगा। वहीं नहीं सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मंगाजोत चौराहे के पास मोतीगंज से बाबागंज मार्ग पर जलजमाव की स्थिति बन गई। जिससे लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है तेज बहाव के चलते आसपास की फसलों को भी नुकसान हुआ है सदर तथा मेहनौन विधानसभा के छठे बॉर्डर पर नंबर 9 नदी पूरे उफान पर है जिससे पानी सड़क पर बहने लगा है तथा लोगों को इधर से उधर निकलना मुश्किल हो गया है बताया था जाने से लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है बताया जाता है कि कोटिया गांव से पहले कुछ दूरी पर जंगल में बने पुल के ऊपर से पानी बहने लगा इसके कारण मोतीगंज से बाबागंज, उतरौला, घानेपुर जाने मे परेशानी हो रही है। एक तो लगातार बारिश के कारण वैसे ही जनजीवन अस्त व्यस्त है ऊपर से घरेलू सामान लेने के लिए लोगों को गांव से कस्बे के बाजारों में आने के लिए अनेक प्रकार का कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जिससे लोगों को राजगढ़ कस्बे के बाजार से होकर मुख्यालय के लिए जाना पड़ता है जिससे लोगों को अनेक प्रकार की कठिनाइयां हो रही है।

# "वो थे हमारे संरक्षक और हम उनके अंगरक्षक चांद अली"

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज, कार्यालय संवाददाता। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की सुरक्षा में तैनात रहे अमांपुर के चेयरमैन चांद अली कमांडो ने कहा कि वह सभी का खयाल रखते थे। उनकी सुरक्षा में जो भी सुरक्षा कर्मी तैनात रहे। उनके खाने व रहने का विशेष इंतजाम करते थे। चुनावी दौरों के समय सुरक्षा कर्मियों से पूछते थे कि कोई तकलीफ तो नहीं हैं। सोमवार को सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के साथ संस्मरणों के याद करते हुए चेयरमैन चांद अली ने कहा कि नेता जी सड़कों के किनारे खड़े लोगों को देखकर काफिला रोक लेते थे। लोगों से उनका हालचाल लेकर ही आगे बढ़ते थे। नेताजी काफिले में किसी परिचित को सड़क पर देख लेते तो कार रुकवा लेते थे। बदायूं के गुन्नौर में विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने कार रोक ली। सुरक्षा कर्मी आगे बढ़ गए। नेताजी को लोगों के बीच खड़ा देख सुरक्षा कर्मी उनकी ओर दौड़ पड़े। नेताजी लोगों को भूलते नहीं थे। कभी भी कहीं कोई परिचित मिलता तो उसे नाम लेकर बुलाते थे। उनसे हालचाल पूछते थे।

# सीएचसी - पीएचसी का होगा विस्तार ,बढ़ेंगे बेड

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जिले के सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का विस्तार किया जाएगा । निर्माण कार्य करने के लिए कार्यदायी संस्था को धनराशि आवंटित कर दी गई है । सीएचसी पर 50 और पीएचसी पर 10 बेडों की व्यवस्थाएं की जा रही हैं ताकि मरीजों को सहूलियत मिल सके । जिले में चार सीएचसी और आठ पीएचसी संचालित हो रही हैं । यहां पर मरीजों को भर्ती करके बेहतर सुविधाएं देने के लिए बेडों की संख्या बढ़ाई जा रही है । अभी तक सीएचसी पर 30 शैया की व्यवस्थाएं हैं , जिनको बढ़ाकर 50 किया जा रहा है । जबकि पीएचसी पर चार से 10 बेड किए जाएंगे । स्वास्थ्य इकाइयों पर बेडों की व्यवस्थाएं बढ़ जाने से मरीजों को लाभ होगा और उनको भर्ती करके उपचार दिया जा सीएचसी पर 50 व पीएचसी पर 10 बेड की होगी व्यवस्था सकेगा । वर्तमान में गंभीर मरीजों के पहुंचने पर बेडों की संख्या कम होने के चलते भर्ती करना मुश्किल हो जाता है । जो बेड हैं , उनमें अधिकांश का उपयोग जननी शिक्षा सुरक्षा कार्यक्रम में किया जा रहा है । वहीं इस समय अलग से डेंगू वार्ड भी बनाए गए हैं । ऐसे में सामान्य वार्ड में बेडों की ज्यादा कमी है । सीएमओ डॉ . उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जलेसर , अलीगंज , बागवाला और चुरथरा सीएचसी पर 50 बेडों की व्यवस्थाएं हो जाएंगी । इसके अलावा पीएचसी सकीट , मिरहची , मारहरा , निधौली कलां , अवागढ़ , जैथरा , खड़ौआ और राजा का रामपुर में चार से 10 बेड हो जाएंगे ।

# एक बाल अपचारी सहित 02 आरोपी गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - थाना सकरौली पुलिस को मिली सफलता, मु0अ0सं0 78/22 धारा 306, 341, 323, 506 भादवि में वांछित चल रहे एक बाल अपचारी सहित 02 आरोपी गिरफ्तार जनपद में सुदृढ कानून व्यवस्था व अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय कुशवाह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी जलेसर श्री राघवेंद्र सिंह राठौर के कुशल नेतृत्व में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत



थाना सकरौली पुलिस द्वारा थाना सकरौली पर पंजीकृत मु0अ0सं078/22 धारा 306, 341, 323, 506 भादवि में वांछित चल रहे 02 आरोपियों रंजीत उर्फ छोटू पुत्र होरीलाल निवासी कुतुबपुर थाना नारखी जिला फ़िरोज़ाबाद व एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# महिलाओं व छात्राओं की सुरक्षा के लिए अभिव्यक्ति एप, करंजी पुलिस चला रही मुहिम

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- दतिमा मोड़- पुलिस अधीक्षक सूरजपुर रामकृष्ण साहू के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह एवं सीएसपी जेपी भारतेंदु के मार्गदर्शन में करंजी चौकी प्रभारी करंजी संजय गोस्वामी के नेतृत्व में लगातार महिला एवं बालिकाओं को अभिव्यक्ति एप डाउनलोड कराकर प्रचार प्रसार के साथ जागरूक किया जा रहा है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग ने अभिव्यक्ति ऐप तैयार किया है। अभिव्यक्ति ऐप से महिलाओं को तत्काल सहायता मिलेगी। ऐप एसओएस फीचर या पैनिक बटन से लैस है,बटन दबाते ही यूजर के पास तुरंत पुलिस सहायता पहुंचेगी। अभिव्यक्ति ऐप के जरिए पुलिस के पास महिलाएं कहीं से भी शिकायत दर्ज करा सकेंगी। शक्ति टीम ने अभिव्यक्ति ऐप इस्तेमाल करने के बारे में स्कूल सहित अन्य शासकीय-निजी, धार्मिक स्थानों में जाकर मौजूद छात्राओं व महिलाओं को सतर्कता संबंधी जानकारी दे रही है। मंगलवार



को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बतरा में पुलिस के टीम ने अभिव्यक्ति ऐप के बारे में जानकारी दी गई। यह ऐप छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं की जागरूकता और उनकी शिकायतों को सुनने के लिए बनाया गया है। शक्ति टीम द्वारा बताया कि सबसे पहले प्लेस्टोर से अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा ऐप डाउनलोड करना होगा। ऐप साइन इन और मोबाइल नंबर से डाउनलोड किया जा सकता है, प्रक्रिया पूरी करने के बाद ओटीपी आएगा, ओटीपी से ऐप वेरिफाई होगा और कई छात्राओं व शिक्षिकाओं को अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड कराया गया। करंजी चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी के द्वारा महिलाओं व छात्राओ को जागरूक करते हुए महिलाओं के अपराध के बारे में बताया, कि किस तरह महिला अपराध होने पर अभिव्यक्ति ऐप के माध्यम से समाधान किया जा सकेगा, यह ऐप बहुत ही अच्छा है। इसकी जानकारी हम दूसरों को भी देंगे, ताकि महिला संबंधी होने वाले अपराध का तुरंत समाधान हो सके। इस दौरान प्रधान आरक्षक नवीन सिंह, सुनील भारती, राजकुमार सिंह, आरक्षक सीपी पाल, राजीव तिवारी, कृष्णकांत पांडेय, भोला केरकेट्टा, सैनिक साहिब गनी, प्रवीण मिश्रा, प्रदीप गुप्ता की भूमिका अहम रही।

# ओलंपिक के पहला दिवस में ,100 मीटर दौड़ ,खो खो, बालक वर्ग कब्बडी, लम्बी कूद जैसे खेल खेला गया

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- राजीव युवा मितान क्लब महुली के द्वारा ग्राम पंचायत महुली के हाई स्कुल ग्राउंड में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के पहला दिवस में ,100 मीटर दौड़ ,खो खो, बालक वर्ग कब्बडी, लम्बी कूद जैसे खेल खेला गया ओलंपिक में बढ़-चढ़कर 18 से 40 वर्ष के आयु वर्ग के युवक ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजिव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष सुमन खैरवार, सचिव, मनीषा जितेंद्र साकेत, खेल प्रभारी जयबाबू जायसवाल, रामशरण प्रजापति कोषाध्यक्ष रामधन साय, लक्ष्मण जायसवाल , पत्रकार रामसागर जायसवाल, सतीश अरविंद सत्येंद्र अशोक जायसवाल, मदन जायसवाल, पूनम साय, रविन्द जायसवाल , बिहारी सेठ , मनोज जायसवाल, रामेश्वर साकेत,इंद्रेश साकेत,मुन्ना साकेत, जुगेश साकेत, श्यामकार्तिक साकेत, चंदिका साकेत, के द्वारा खेल खेलाया गया अन्य पधाधिकारी, सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। जीते हुए सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को बारिश होने के कारण आज इनाम का वितरण नहीं किया गया है। युवा क्लब महुली के द्वारा



शीघ्र ही इनाम एवं पुरस्कार का वितरण किया जाएगा।



# जय बजरंग सेना के युवा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त हुए तुलेश्वर जायसवाल

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- जय बजरंग सेना के युवा प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति की गई जिसमें सूरजपुर जिले के तुलेश्वर जायसवाल को नियुक्त किया गया। ज्ञात हो कि तुलेश्वर जायसवाल निरंतर समाज सेवा एवं युवाओं के लिए समाज में कार्य करते रहे हैं जिसको देखते हुए जय बजरंग सेना के राष्ट्रीय संरक्षक श्री योगी बाबा बम बम के अनुशंसा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन उपाध्याय के मार्गदर्शन एवं प्रदेश अध्यक्ष लखन नायक के द्वारा मनोनीत किया गया तुलेश्वर जायसवाल युवा प्रदेश अध्यक्ष जय बजरंग सेना छत्तीसगढ़ के द्वारा जय बजरंग सेना के राष्ट्रीय संरक्षक श्री योगी बाबा बम बम नाथ जी,राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन उपाध्याय जी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री लखन नायक जी को सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया गया उन्होंने कहा आप सभी ने मुझे अपने समाज के सेवा करने का अवसर प्रदान किया मैं अवश्य ही आप सभी के मार्गदर्शन में समाज कल्याण में तत्पर रहूंगा उन्होंने कहा कि जय बजरंग सेना में संपूर्ण छत्तीसगढ़ में जल्द ही सभी जिलों में युवा जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की जानी है जिससे एक मजबूत टीम खड़ी की जा सके उन्होंने एक संपर्क सूत्र भी जारी किया जिससे लोग सीधे संपर्क कर जय बजरंग सेना में जुड़ सकते हैं

# कार्तिक के महीने में करे तुलसी की पूजा, जाने 5 बातें – सेलिब्रिटी वास्तु शास्त्री डॉ

**सेलिब्रिटी वास्तु शास्त्री डॉ सुमित्रा अग्रवाल कोलकात**

हर मास का अपना महत्वा है परन्तु पूजा, व्रत और तप के लिए कार्तिक का विशेष महत्व है। स्कंध पुराण में बताया गया है - न कार्तिकसमो मासो न कृतेन समं युगम्। न वेदसदृशं शास्त्रं न तीर्थं गङ्गया समम् । अर्थात कार्तिकके समान दूसरा कोई मास नहीं, सत्ययुगके समान कोई युग नहीं, वेदके समान कोई शास्त्र नहीं और गङ्गाजी के समान कोई तीर्थ नहीं है। कार्तिक में रखे इन बाटू का धयान - 1। कार्तिक का महीना धर्म, अर्थ , कमा और मोक्ष चारो दिलाने वाला है इस लिए इस माह में प्रातकाल उठ कर नहाने का विशेष महत्व है। 2। अन्ना का दान अवस्य करे। कुछ गुप्त दान भी करे। 3। कुंवारे, कुवारी और ब्राह्मण को अवले के पेड़ के नीचे भोजन कराये। 4। ये माह रोग विनाशक होता है , इस माह में तुलसी की पूजा आराधना का विशेष फल मिलता है। 5। जिन बच्चू में भय बना रहता है उनको इस माह में भूमि पर सायं करने से विशेष लाभ मिलता है। सृष्टि का मूल आधार ही सूर्य है और सूर्य की स्थितियों के आधार पर दक्षिणायन और उत्तरायणका विधान है। उत्तरायणको देवकाल और दक्षिणायन को आसुरीकाल माना गया है। दक्षिणायनमें देवकाल न होनेसे सतगुणों के क्षरण से बचने और बचाने के लिये पुराणादि शास्त्रोंमें कार्तिकमासका विशेष महत्त्व निर्दिष्ट है। कर्क राशि पर सूर्य के आगमन के साथ ही दक्षिणायन काल का प्रारम्भ हो जाता है और कार्तिक मास इसी दक्षिणायन और चातुर्मास्यकी अवधिमें में होता है। इस लिए भी कार्तिक के महत्व को समझना चाहिए और कार्तिक पूजन करनी ही चाहिए।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com